-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 08.02.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **ऑपरेशन मुस्कान के तहत थाना जसपुरा मिशन शक्ति टीम द्वारा गुम हुई बच्ची के परिजनों का पता लगाकर सकुशल किया गया सुपुर्द।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान "ऑपरेशन मुस्कान" के क्रम में आज दिनांक 08.02.2025 को थाना जसपुरा मिशन शक्ति टीम द्वारा गुम हुई 10 वर्षीय बालिका के परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। गौरतलब हो कि आज दिनांक 08.02.2025 को थाना जसपुरा पर सूचना प्राप्त हुई कि एक 10 वर्षीय बालिका कस्बा कुम्हरिया के पास रास्ता भटक गई है और पता नहीं बता पा रही है। सूचना पर तत्काल थाना जसपुरा पर गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा मौके पर जाकर पूछताछ की गई तो बच्ची ने अपने पिता का नाम स्व0 राममोहन बताया एवं अपना पता नही बता पा रही थी। पुलिस टीम द्वारा आस पास के लोगों से पूछताछ करते हुए पाया कि बच्ची के माता-पिता जसपुरा के रहने वाले है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा गुम हुए बच्ची को थाना लाकर उसके दादा जी बलवीर सिंह को सकुशल सुपुर्द किया गया। परिजनों ने पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए हृदय से धन्यवाद दिया।

टीम का विवरण-

1. उ0नि0 श्री राजाराम पाण्डेय
2. का0मु0 रामेन्द्र प्रताप सिंह
3. का0 संजय सिंह
4. म0कां0 निशा चन्देल